दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 218 मुरादाबाद 05 December 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी ने 950 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास, बोले- यूपी में बनेगी ट्रिपल इंजन सरकार



निकाय चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन सरकार' सुनिश्चित करने के अभियान पर हैं। अलग-अलग शहरों में निरंतर हो रहा प्रबुद्ध सम्मेलन इसी अभियान का हिस्सा हैं। गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी के ट्रिपल इंजन सरकार के फार्मूले का एक उदाहरण भी है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में प्रबुद्ध सम्मेलन कर लोगों को निकाय स्तर पर भी समान विचारधारा की सरकार की खूबियां बता रहे हैं। इस क्रम उन्होंने दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महानगर के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर समेत 950 करोड़ रुपये की चार बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में रोज नया प्रतिमान नया गोरखपुर गढ़ रहा है। गोरखपुर में फिल्मों की शूटिंग हो रही है। इसका श्रेय सांसद अभिनेता रवि किशन को जाता है। देश में डबल इंजन की सरकार हर रोज कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गोरखपुर को रोजगार की संभावना के रुप में जोड़ा जाएगा। कहा कि गोरखपुर में विकास का क्रम निरंतर जारी रहेगा, यहां 950 करोड़ रुपये की चार बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। बीते 25 सालों में गोरखपुर की जनता ने हमारा बहुत समर्थन किया है। हमारे हर मांग व आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। बता दें कि निकाय चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन सरकार' सुनिश्चित करने के अभियान पर हैं। अलग-अलग शहरों में निरंतर हो रहा प्रबुद्ध सम्मेलन इसी अभियान का हिस्सा है। गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी के ट्रिपल इंजन सरकार के फार्मूले का एक उदाहरण भी है। केंद्र व प्रदेश में सरकार होने के साथ यहां के नगर निगम में भी भाजपा का ही नेतृत्व है। नियोजन से लेकर क्रियान्वयन तक एक ही पार्टी का नेतृत्व होने से गोरखपुर के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हैं। निकाय चुनाव के मद्देनजर भाजपा, प्रबुद्ध सम्मेलन को काफी अहम मान रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं, दावेदारों का मुख्यमंत्री ने मार्गदर्शन किया।

## मां हीराबेन से मिलने पहुंचे पीएम मोदी, कल गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में अहमदाबाद में डालेंगे वोट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन मोदी से मिलने गांधीनगर में उनके आवास पहुंचे। प्रधानमंत्री कल यानी पांच दिसंबर को गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में वोट भी डालेंगे। प्रधानमंत्री अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा क्षेत्र के वोटर हैं। इससे पहले पीएम मोदी इसी साल 27 अगस्त को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर अचानक मां हीराबेन से मिलने पहुंचे थे। साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पीएम मोदी गांधीनगर के रायसन इलाके में स्थित अपनी मां के आवास पर पहुंचे थे।

## मतदान खत्म, EVM में कैद हुई 1349 उम्मीदवारों की किस्मत, सात दिसंबर को आएगा फैसला

दिल्ली में नगर नगम के चुनाव के लिए मतदान चल रहा है। 250 सीटों के लिए 13,638 पोलिंग स्टेशन पर शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान होगा। चुनाव मैदान में 1349 उम्मीदवारों की किस्मत का आज फैसला होगाईवीएम में कैद हुई 1349 उम्मीदवारों की किस्मत दिल्ली में नगर नगम की 250 सीटों के लिए शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान हुआ। 13,638 पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 1349 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। अब उम्मीदवारों को सात दिसंबर का बेसब्री से इंतजार रहेगा, क्योंकि सात तारीख को चुनाव के नतीजे आने हैं।शाम चार बजे तक 45 फीसदी मतदान- दिल्ली के सभी 250 वार्डों में शाम चार बजे तक करीब 45 फीसदी मतदान हो चुका है। दोपहर की तुलना में फिलहाल पूरी दिल्ली में तेज गति से मतदान जारी है। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।166 वार्ड के आप प्रत्याशी ने वोटरों को रुपये बांटने की शिकायत की एमसीडी के वार्ड नंबर 166 ( पुष्प विहार वार्ड ) से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अरुण नवरिया ने भाजपा पर बुद्ध पार्क, मदनगीर में वोटरों को रुपये बांटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है, दोपहर करीब 1-21 बजे भाजपा के कार्यकर्ता ने बुद्ध पार्क, मदनगीर में वोटरों को पैसे बांटे। मामले की सूचना मिलने पर एसएचओ अंबेडकर नगर



मौके पर पहुंचे लेकिन वहां कोई बीजेपी कार्यकर्ता नहीं मिला। एक व्यक्ति प्रदीप निवासी मदनगीर ( 25 ) वहां मिला लेकिन वह किसी राजनीतिक दल का कार्यकर्ता नहीं है और गुरुग्राम में एक फर्नीचर वर्कशॉप में मजदूरी का काम करता है। पूछताछ पर बताया कि उसने किसी को पार्क में पैसे बांटते हुए नहीं देखा स्पष्ट और गुजरात-हिमाचल के विधानसभा चुनाव में खिल रहा कमल- अनुराग ठाकुर द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बोले स्पष्ट चुनाव, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में तीनों जगह कमल खिलेगा। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनेगी और स्पष्ट में भी भाजपा की सरकार बनेगी।कटेवड़ा गांव के ग्रामीण बोले जब तक सुनवाई नहीं तब तक वोट नहीं दिल्ली के उत्तर पश्चिम जिले के कटेवड़ा गांव के लोगों ने एमसीडी चुनाव का बहिष्कार किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सड़क, नालियां जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया है। जब तक अधिकारी हमारी शिकायत नहीं सुनेंगे, हम वोट नहीं देंगे। ईवीएम में कैद हुई 1349 उम्मीदवारों की किस्मत- दिल्ली में नगर नगम की 250 सीटों के लिए शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान हुआ। 13,638 पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लाल कालीन बिछाई हुई है। इतना ही नहीं गुब्बारे लगाकर सजवाट की गई। मतदानकर्मियों ने यहां आने वाले बुजुर्ग मतदाताओं को फूल देकर स्वागत किया है। इसके बाद अपने मताधिकार के उपयोग के लिए कहा। उधर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2 में एसडीएमसी स्कूल में वोट डालने के बाद पुलिसकर्मियों ने गुलाब के फूल बुजुर्ग मतदाताओं को दिए। पुलिसकर्मी बुजुर्गों को व्हील चेयर पर पोलिंग बूथ तक पहुंचा रहे हैं।

# बीते तीस साल से चल रहा है युवक के प्यार का सिलसिला, हर साल 4 दिसंबर को मनाता है धूमधाम से जन्मदिन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - अपने जिले में एक युवा ऐसा भी है जो कि अपनी प्रेमिका का करीब तीस वर्ष से धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाता चला आ रहा है। ओर प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को फर्स्ट लव डे के नाम से सेलिब्रेट करता है। और काफी तादाद में लोगों को दावत भी देता चला आ रहा है। नगला नंद गांव निवासी मनोज के अनुसार-दरअसल कहानी 30 साल पुरानी है। जब वह कक्षा 6 में पढ़ता था। उसके क्लास में ही एक अन्य लड़की पढ़ती थी। दोनों में एक दूसरे को पहली ही नजर में प्यार हुआ और आज पूरे 30 साल होने जा रहे है।

आज भी बिना शादी किये वह पहले की तरह एक दूसरे से बेइंतहा मोहब्बत करते है। लड़की का बर्थडे 4 दिसंबर को होता है। तो युवक ने 4 दिसंबर को ही फर्स्ट लव डे का नाम दे दिया और हर साल फर्स्ट लव डे के नाम से सेलिब्रेट करता है। युवक का कहना है वह चाहता है कि बेलेंटाइन डे की तर्ज .पर ही सारे युवा भी 4 दिसंबर को फर्स्ट लव डे के नाम से सेलिब्रेट करें। उसने अपना दर्द वंया करते हुए बताया कि इन 30 सालों के अंदर दोनों को समाज के साथ साथ मां-बाप का भी सामना करना पड़ा।

इन तीस सालों के भीतर दोनों ने बहुत कुछ झेला लेकिन फिर भी अपनी मोहब्बत पर कायम रहे और आज भी एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं।

# विदाई समारोह का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवा में तैनात सुपरवाइजर अजय कुमार चौधरी का रिटायर होने के उपरांत सम्मान समारोह आयोजित कर सभी कर्मचारी और अधिकारियों ने बिदाई किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिलौला डाश्दीपक शुक्ला बिशिष्ट अतिथि डा उग्रसेन बर्मा रहे तथा समस्त कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डा सहदेव प्रसाद मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों को अपने सम्बोधन में डाश्दीपक शुक्ला ने कहा कि सरकारी सेवा पुर्ण होने पर होने वाले बिदाई समारोह बहुत ही भावुक होते हैं क्योंकि जो कर्मचारी सालों तक साथ रहकर ड्युटी करता है उसके बिछुड़ने का बहुत दुख होता है उसके बाद भी लोग हंसते हंसते बिदा करते हैं और भविष्य में भी यही प्रथा रहनी चाहिये डाश्दीपक शुक्ला ने कहा कि अजय कुमार चौधरी के निष्ठावान सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता है अजय चौधरी से ही प्रेरणा लेकर अन्य कर्मचारी अपनी ड्यूटी पुरी निष्ठा के साथ करें । फार्मासिस्ट डाश्सहदेव प्रसाद मिश्रा ने कहा कि अजय चौधरी सरकारी सेवाओं से बिदा हो रहे हैं हमारे आपके दिलों में पुरी उम्र बिराजमान रहेंगे ।अन्त में अधीक्षक डाश्दीपक शुक्ला और फार्मेसिस्ट डाश्सहदेव प्रसाद मिश्रा ने रिटायर हुए अजय चौधरी को एक स्मृति चिन्ह और साल देकर सम्मानित किया इस मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों की आंखों में आंसुओ से भरी देखा गया । इस समारोह कार्यक्रम में डाश्दीपक शुक्ला,डाश्उग्रसेन बर्मा,डाश् सहदेव प्रसाद मिश्रा के अलावा महिपाल सरोज, राम सूरत चौधरी,समर मिश्रा पीश डीश पाण्डेय, सौरभ गुप्ता, प्रीती पाठक, संगीता पाण्डेय,सरोज देबी पुर्णिमा सचान, संगीता सचान,देबी कुमारी, नाज़नीन,अनिल कुमार, अंजनी शुक्ला,मोश्ताहिर अहमद, मोश राशिद अल्वी, गीता चौरसिया, अनुराग द्विवेदी,संजय यादव, सदानंद यादव समेत समस्त गिलौला और सोनवा के समस्त कर्मचारी और अधिकारी मौजुद रहे ।

# बालाजी मंदिर पर धूमधाम से भंडारे का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत वीरपुर लौकिहा मे स्थित बाला बाबा मंदिर पर अखंड रामायण कीर्तन भजन भंडारे का आयोजन किया गया जिस पर दूरदराज से आये भक्तों भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया देर रात तक चला भंडारा में काफी लोगों ने भंडारे में आकर भाग लिया ऐसा मान्यता है कि जो अपनी मनोकामना से बाला बाबा के मंदिर पर आकर विनती करता है उसे बाबा उसकी मुरादे पूर्ण करते हैं लगभग 3 वर्ष से यहां पर स्थापित वाला बाबा की मंदिर राम जानकी लक्ष्मण दुर्गा जी और शंकर जी का भी मंदिर हैं और वहां के पुजारी बुद्ध सागर पाठक ने बताया कि ऐसा मानना है कि जो लोग परेशान हैं वह आकर मंदिर पर बाबा से अर्जी लगाते हैं तो उन्हें मन्नते पूरी होती हैं द्य

# अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार करने वाले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई मे अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व मैं प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्द्धन सिंह, थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय उप निरीक्षक राम सजीवन निषाद, उपनिरीक्षक राम प्रघट मिश्रा, आरक्षी परमेश्वर सिंह व आरक्षी शिशुपाल हमराह के साथ देखभाल क्षेत्र रोकथाम अपराध व तलाश वांछित अभियुक्त में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना थाना मल्हीपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अखलम पुत्र रफीक , फरमान पुत्र पद्दू निवासी गण हरबंशपुर जब्दी थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने धनीपुर वार्ड नंबर 36 को अनारक्षित कराने के लिए डीएम के नाम नायब तहसीलदार कॉल को ज्ञापन दिया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में धनीपुर के समस्त समाजों के लोगों ने जिला अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार कॉल को ज्ञापन दिया है यह ज्ञापन नगर निगम वार्ड नंबर 36 धनीपुर को अनारक्षित करने की मांग की गई है ज्ञापन में सांप दिखाएं सर्वाधिक स्वर्ण जाति की जनसंख्या के आधार पर वार्ड नंबर 36 को अनारक्षित किया जाए बाकी सभी जातियों की जनसंख्या काफी कम है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने अभी कहां है पिछड़ी जाति वार्ड नंबर 36 को देकर स्वर्ण जाति का कोई ख्याल नहीं रखा गया उन्होंने यह भी कहा है कि वार्ड नंबर 36 धनीपुर को अनारक्षित किया जाता है तो सभी जातियों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन में अति शीघ्र कदम उठाने की मांग की है ने कहा है कि सभी समाजों के लोग वार्ड नंबर 36 को अनारक्षित चाहते हैं प्रशासन को अनारक्षित करने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इसी संबंध में धनीपुर वार्ड नंबर 36 को अनारक्षित कराने के संबंध में नाम तहसीलदार को डीएम के नाम ज्ञापन दिया पंकज सिंह नीरज सिंह अजय कुमार बघेल शिवनंदन प्रजापति राजवीर सिंह प्रजापति अशोक कुमार दिवाकर संजू शर्मा रमन कुमार सिंह पुष्पेंद्र सिंह मोनू कुमार आदि काफी मात्रा में लोग उपस्थित थे

# बीडीसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ अकराबाद - विकास खंड



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत सदस्यों का क्षमता संवर्धन दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगा। शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख ठा. राहुल सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। ब्लाक प्रमुख इस दौरान क्षेत्र पंचायत का गठन, क्षेत्र पंचायत विकास योजना, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मातृभूमि योजना क्षेत्र पंचायत के स्वयं की आय के स्रोत, पंचायत पुरस्कार, क्षेत्र पंचायत में ई गवर्नेंस, सतत विकास के लक्ष्यों का स्थानीयकरण एवं उनके नौ विषय गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी, महिला हितेषी, पंचायत पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ हरित ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर व बुनियादी ढांचे बाली पंचायत, सुशासन वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत व सुरक्षित गांव पर वीडियो दिखाकर व पीपीटी के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण देकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जागरूक किया गया। प्रशिक्षण में रिचा शर्मा, गंगा देवी, मनोज कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत शर्मा आदि बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया।

# कांग्रेस जनों व एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच






मुरादाबाद - करुला अखबार फैक्ट्री के पास कांग्रेस कार्यालय पर मुरादाबाद कॉंग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक कॉंग्रेस के नवनियुक्त महा नगर चेयरमैन इरशाद हुसैन का कांग्रेस जनों व एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अल्पसंख्यक कांग्रेस मुरादाबाद की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी इरशाद हुसैन को देना स्वागत योग्य कदम है पार्टी के इस कदम से मुरादाबाद के अल्पसंख्यक विभाग में पार्टी का पैगाम जन जन तक पहुंचेगा सभा को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त महानगर अल्पसंख्यक कांग्रेस के चेयरमैंन इरशाद हुसैन ने कहा कि मुझे पार्टी की ओर से मिली ज़िम्मेदारी के लिए मै पार्टी नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ तथा शीघ्र ही मुरादाबाद में अपनी कमेटी के गठन के साथ ही मुरादाबाद के सभी 70 वार्डो में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त कर दिए जायेंगे सक्रिय कॉंग्रेस जनों को पदाधिकारी बनाया जायेगा तथा निष्क्रिय पद अधिकारी हटाएं जायेंगे इरशाद हुसैन ने कहा कि निकाय चुनाव बिल्कुल निकट है

तथा आरक्षण की स्तिथि भी सरकार द्वारा तय कर दी गईं है कांग्रेस निकाय चुनाव में सभी 70 वार्डो में मज़बूत उम्मीदवार मैदान में उतारेगी सभी वार्डो से कांग्रेस उम्मीदवारों के आवेदन आ चुके है पार्टी आला कमान की ओर से टिकट वितरण हेतु एक चुनाव संचालन कमेटी का गठन होगा निकाय चुनाव में कांग्रेस एक बड़ी ताकत बन कर उभरेगी इस मोके पर नाज़िम अली नबाब कुरैशी डॉ जमाल सलमानी लईक पाशा रफ़ी सलमानी इस्माइल अंसारी तौफीक अहमद अफजाल तुक.

# अमरोहा में कोहरे में ट्रक चालक ने बाइक को मारी टक्कर, चिंगारी से दोनों वाहनों में लगी आग



मुरादाबाद-रविवार की सुबह करीब आठ बजे एक ट्रक अतरासी की ओर से अमरोहा आ रहा था। जैसे ही ट्रक ओवरब्रिज पर चढ़ने लगा तभी घने कोहरे के कारण ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चिंगारी से दोनों वाहनों में आग लग गई। दोनों चालकों ने कूदकर जान बचाई अमरोहा में बजरी से लदे ट्रक चालक ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। बाइक को घसीटते समय निकली चिंगारी से ट्रक में आग लग गई। थोड़ी देर में आग की लपटें आसमान छूने लगीं। किसी तरह ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान बताया गया है। रविवार की सुबह करीब आठ बजे एक ट्रक अतरासी की ओर से अमरोहा आ रहा था। जैसे ही ट्रक ओवरब्रिज पर चढ़ने लगा तभी घने कोहरे के कारण ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान किसी तरह बाइक सवार ने कूदकर जान बचाई। वह घायल हो गया। लेकिन बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई। ट्रक चालक बाइक को घसीटता हुआ आगे बढ़ता रहा। तभी अचानक लोहे की रगड़ के कारण निकली चिंगारी से पहले बाइक में आग लगी और फिर ट्रक भी धू धू कर जलने लगा। थोड़ी देर में आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रक के चालक ने भी कूदकर जान बचाई। आग की लपटें आसमान छूने लगी। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि ट्रक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनाली निवासी बदलू का है। जबकि बाइक सवार कौन है, इसका कुछ पता नहीं चला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

# पति ने दी तालिबानी सजा: शराब पीने से मना करने पर छुरी से पत्नी का काटा ये अंग, खून से लथपथ महिला पहुंची मायके



मुरादाबाद-ताजपुर माफी निवासी मंतेश की शादी 12 जून 2016 को उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के बाजपुर निवासी राज मिस्त्री जोगेंद्र के साथ रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मुरादाबाद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शराब पीने से मना करने पर गुस्साए पति ने पत्नी की नाक छुरी से काट दी। अस्पताल में नाक पर टांका लगवाने के बाद पत्नी ने कटघर पुलिस से शिकायत की। आरोप लगाया कि ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे काफी प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसने पति को शराब छोड़कर नेक राह पर चलने की सलाह दी थी। ताजपुर माफी निवासी मंतेश की शादी 12 जून 2016 को उत्तराखंड के उधमसिंहनगर जिले के बाजपुर निवासी राज मिस्त्री जोगेंद्र के साथ रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पति के साथ सास संतोष, देवर राजकुमार दहेज में गाड़ी, टीवी फ्रिज और कूलर मायके से लाने के लिए दबाव बनाते थे। एक दिसंबर को पति शराब पीकर घर आया तो उसने नशा छोड़कर नेक राह पर चलने की सलाह दी। यही बात उसे बुरी लग गई। उसने छुरी से उसकी नाक पर वार कर दिया। बोला कि अब तुम मुझे सिखाएगी। उसकी नाक से खून गिरने लगा। घायल महिला इलाज कराने के लिए मायके चली आई। मायके वालों ने अस्पताल में उसका तत्काल प्राथमिक उपचार किया। महिला को लेकर उसके दादा कलुआ कटघर थाने में आए। उन्होंने अपनी पौत्री की घटना के बारे में कटघर थाना प्रभारी मनीष सक्सेना को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने महिला को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल भेज दिया। अस्पताल में आए मन्तेश के दादा कलुआ ने बताया कि हमलावर पति जोगेंद्र महीने में दस दिन काम करता है। बाकी बीस दिन शराब ही पीता है। जिला अस्पताल के डॉक्टर अरुण तोमर ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण किया। बताया कि उसकी नाक पर तेज घाव किया गया है। उसकी नाक पर आधा दर्जन टांके लगे हैं। इस मामले में तहरीर के आधार पर कटघर पुलिस ने पति जोगेंद्र, सास संतोष और देवर राजकुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना उत्तराखंड की है। पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इस मामले में विवेचना के आधार पर कार्रवाई करेगी।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com



इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial


### Highest economic growth rate

An increase of 6.3 percent has been registered in the country's gross domestic product (GDP). This rate of increase is during the second quarter, i.e. July-September. Although this is half as compared to the economic growth rate in the April-June quarter, our rate is the highest in the world, despite the global economic slowdown, inflation and the continuation of the Russia-Ukraine war. Top economic institutions are also verifying this. The growth rate of developed countries like China, USA, Japan and Germany is half or one-third or even less than that of India. According to the figures released by the National Statistics Office, the GDP growth rate is currently in a sluggish environment, yet the growth rate is increasing. In the July-September quarter of the last year 2021-22, this rate was 8.4 per cent, but still the growth rate has been according to the assessment of rating agencies and experts. The satisfaction should be that we are getting rid of the side effects of the corona pandemic and our economy is the fastest growing in the world. An increase of about Rs 38.16 lakh crore has been recorded in the second quarter. The important aspect is that the reality of the economic growth rate is in line with the forecast of the Reserve Bank of India.

During the second quarter of the financial year 2022-23, manufacturing production stood at about Rs 5.98 lakh crore, which is about 4.3 percent less. The negative growth in the manufacturing and mining sectors is a matter of concern. However, the service sector has performed better, as this sector was barely able to breathe during the second wave of corona infection in the same quarter last year. Airlines have still not reached the pre-Corona level in terms of passengers. The increase in the gross value of the economy that has come to the fore is Rs 35.05 lakh crore during the second quarter. That is, there has been an increase of 5.6 percent. The annual budget of the Government of India itself is a little more than Rs 39 lakh crore, so the gross value of the economy is living up to expectations. As far as investment is concerned during this quarter, there has been a definite increase in investment in production and capital expenditure of the government has also been increased, so normalcy seems to be building up. Positive effects are also visible in the areas of contact intensive services. New investment has increased at the rate of 10.4 percent to Rs 13.21 lakh crore. Private consumption, consumption has also expanded by 9.7 percent. It has been recorded at Rs 22.29 lakh crore in the second quarter. Apart from these, there has been an increase of 14.7 per cent in trade, transport, hotel etc. contact-based sectors, which has received Rs 6.49 lakh crore. These sectors are also important sources of employment. More or less less skilled labor force has also been getting employment in these sectors. In fact, the economic loss caused by the Corona epidemic has almost been compensated. The gross tax revenue collected during the quarter was Rs 13.9 lakh crore, an increase of about 18 per cent. Yet the relative strength in the GDP rate and the recovery rate of the government was not observed. However, on an average, everything is looking fine in the economy, but the basic question is, why was the unorganized sector not included except agriculture? How can a true picture emerge without that?


# Shooting of Manoj Bajpayee's courtroom drama film completed, celebrated happily by cutting cake

Manoj Bajpayee will be seen playing the role of a lawyer in his upcoming film. Today he has completed the shooting of this film. Whose information has been shared by a video of a scene in the film. Actor Manoj Bajpayee is seen as a seasoned artist in Hindi cinema. He is seen dissolving like sugar in water in every character. Now the actor will be seen playing the role of a lawyer in his upcoming film. He started shooting for his upcoming courtroom drama in October and has completed the shooting of the film today, sharing a glimpse of a scene of which he has given this information. Manoj Bajpayee was seen speaking dialogues as a lawyer – The video shared by Manoj Bajpayee on the completion of the shooting of his untitled courtroom drama film. After completing the schedule in Jodhpur, the start-to-finish scenes were shot in Mumbai. In the video, he is seen filming the last scene of the film in the court. After this, all the cast and crew members give a standing ovation as soon as the sound of the cut comes. After this everyone celebrated by cutting the cake. When will the film release - Manoj Bajpayee's courtroom drama film is produced by Supreme Verma in association with Bhanushali Studios and Zee Studios. Whereas it is directed by Apoorva Singh Karki. Who has previously directed 'Aspirants', 'Saas Bahu Pickles Pvt Ltd', and Flames JC series. Apoorva Singh Karki is also making his directorial debut with this film. Now the film is expected to release in early 2023.



## Remembering the flop films, Aamir Khan burst into tears, said- 'He was troubled by the debt...'

Bollywood actor Aamir Khan is spending time with his family these days by taking a break from all his projects. Now he has talked about his family's financial crisis in an interview and he became very emotional remembering his father's struggle. In an interview given to the English news Humans of Bombay, he said, everyone thought that our family was living a great life. I am living, but some of the projects done by my father did not yield good results, due to which our family started facing financial crisis and it used to bother him a lot, because my father was a very simple person and he was very understanding. It was not that one should not have taken more loans. Aamir said, in those days, tickets for films were sold in black, due to which the producers often incurred losses. At the same time, he said, some of my father's films did well, but he never had money. There used to be a problem because of the people who had money. Their calls used to come at home and many times they used to fight. But my father used to say that what should I do, I do not have money. My movie is stuck. Tell my actors to give me those dates. Built our production house- Let us tell you that Aamir Khan and his brother Faisal decided to enter the industry in view of their father's condition and launched their production house Aamir Khan Productions in the year 1999. Kiya and produced superhit films like Kuch Lagaan, Tere Zameen Par, Delhi Belly and Dangal. Although he has not forgotten his father's pain even today. Champion was announced - Recently, Aamir Khan announced his upcoming project Champion, in which he played the role of a producer, not as an actor.



# एटा DM के आदेश बेअसर नगबाई के तालाब पर दबंगों का कब्जा गंदगी का लगा अंबार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर प्रदेश सरकार के द्वारा जल संचय हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद तालाबों के रखरखाव के लिए अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था तालाबों के लिए प्रदेश सरकार करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा रही है लेकिन विकासखंड क्षेत्र जलेसर के गांव नगवाई मे दबंगों के द्वारा तालाब के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिए जाने के चलते जहां गांव का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है ग्रामीणों के तमाम प्रयासों एवं जिलाधिकारी के कड़े निर्देशों के उपरांत भी तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा पा रहा है जिसके चलते ग्रामीणों में तीन रोज व्याप्त होता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बेरनी पुलिस चौकी के शुभारंभ मौके पर ग्रामीणों के द्वारा जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर से तालाब पर दबंगों के कब्जे की शिकायत की गई थी जहां जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिए थे कि अवैध कब्जा हटवाया जाए एवं



अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते दबंगों के हौसले बुलंद हैं वहीं ग्रामीण गंदगी में रहने के लिए मजबूर हैं।

ग्रामीण मुकेश यादव उर्फ अंबानी का कहना है कि तालाब पर अनाधिकार कब्जे के चलते गांव का गंदा पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा गंदा पानी आए दिन सड़कों पर बहता है इसी गंदे पानी में ग्रामीण राह चलने के लिए मजबूर हैं तमाम प्रयासों के बाद भी तालाब से अनाधिकार कब्जा नहीं हट पाया है यह अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई ना हुई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे गांव नगवाई निवासी एवं पराजित ग्राम प्रधान प्रत्याशी अमित यादव जॉनी का कहना है कि जिम्मेदारों के द्वारा दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही न करने के कारण उनके हौसले बुलंद हैं और अनाधिकार रूप से तालाब पर अवैध बिल्डिंग भी खड़ी करवा रखी है जिसके चलते ग्राम वासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# फुटपाथों लगे बल्ली होर्डिंग, नहीं लगवाएं पेंसिल होर्डिंग पोल



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शहर के मुख्य मार्गो की फुटपाथों एवं तिराहों, चौराहों लगे बल्ली होर्डिंग को हटाकर शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर पालिका ने अब तक पेसिंल होर्डिंग पोल लगवाने की कार्रवाई शुरू नहीं की है, जिससे शहर की मार्गो की फुटपाथ पर जगह-जगह लगे होर्डिंग जाम की समस्या में बड़ी भूमिका निभा रहे है। तत्कालीन नगर पालिका ईओ डॉ. दीप कुमार वार्ष्णेय ने शहर के सभी तिराहों, चौराहों एवं मुख्य मार्गों की फुटपाथों पर लगे बल्ली होर्डिंग को हटाने के साथ शहर में सौ स्थानों पर पेंसिल होर्डिंग पोल लगवाने के लिए आदेश जारी किए थे। ईओ के आदेश के बाद नगर पालिका ने पेंसिल होर्डिंग पोल लगवाने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरु की थी। तत्कालीन ईओ का स्थानांतरण होने के बाद टेंडर प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई। उसके कारण अब तक पेंसिल होर्डिंग पोल नहीं लग सके है। मुख्य मार्गो की फुटपाथों को घेर के लगे बल्ली होर्डिंग के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी हुई है। शनिवार को नगर पालिका कर अधीक्षक मुन्नालाल ने बताया कि शहर के जिन स्थानों पर बल्ली होर्डिंग लगे है। उन होर्डिंग को हटवाने के लिए पालिका प्रयास कर रही है। उसके साथ ही पालिका पेंसिल पोल लगवाने के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया करने जा रही है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शहर में सौ स्थानों पर पेंसिंल होर्डिंग पोल लगवाए जाएगें।

# मेडिकल कॉलेज में रैगिंग पर तीस छात्र किए थे सस्पेंड

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- रैगिंग की तो मैं नहीं जानता कि हुई या नहीं। अनुशासन हीनता से मतलब है। आज जलेसर एसडीएम आए थे वह जांच कर गए है। अभी बहाल करने के लिए कह दिया है। वैसे भी हमने कोई ऐसा एक्शन नहीं लिया।-डा. नवनीत सिंह चौहान, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज एटा-। जूनियर छात्रों से रैगिंग और अभद्रता करने पर वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के दूसरे वर्ष के 30 छात्रों सस्पेंड कर दिया। प्राचार्य ने जांच आख्या पूरी होने तक सभी छात्रों को निष्कासित रहने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को महाविद्यालय की ओर से छात्रों को बहाल न करने साथी छात्रों ने हंगामा कर दिया। एटा के मेडिकल कॉलेज में प्रथम बैच के शिक्षण का कार्य चल रहा है। दूसरे बैच के बच्चे एक माह पहले ही महाविद्यालय में आए थे। आरोप है कि तीन दिन पहले सीनियर छात्रों ने एक जूनियर के साथ रैंगिग कर दी गई। परेशान हुए छात्र ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने एटा पहुंचकर प्राचार्य से इस मामले की शिकायत कर दी। एक दिसंबर को प्राचार्य की ओर से सीनियर 30 छात्रों को सस्पेंड कर दिया। सस्पेंड करने का आर्डर मेडिकल कॉलेज के परिसर की दीवारों पर चस्पा करा दिया गया। चस्पा किए गए नोटिस पर लिखा है कि छात्रावास में रैंगिग करने नियमों का उल्लघंन करने,



अनुसासनात्मक कृत्य में लिप्त पाया गया है। इनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रावास से तत्काल निष्काशित तथा कॉलेज की सभी गतिविधियों में सस्पेंड करने का निर्णय लिया है। कृत्य की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जांच आख्या प्राप्त होने तक छात्र निष्कासित रहेंगे। इस की जानकारी मिलने पर छात्रों में डर बैठ गया। छात्रों में मैसेज चला गया कि ये छात्र अभी परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे। छात्रों ने शनिवार की रात्रि को चार घंटे तक प्रदर्शन किया। छात्रों को बहाल करने का आश्वासन दिया है। हंगामा की जांच करने के लिए एसडीएम जांच करने के लिए मेडिकल कॉलेज में पहुंचे थे। एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद था उसे सुलझा दिया गया है।

# हरिपदी पर हुई गंगा की महाआरती



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-हरिपदी पर हुई गंगा की महाआरती सोरों,शनिवार की शाम हरिपदी गंगा पर महाआरती करते हुए लोग। ? मार्गशीर्ष माह में मोक्षदा एकादशी पर हरिपदी गंगा पर महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। हरिपदी के मानस मंदिर घाट पर शनिवार की शाम मां गंगा की महाआरती आयोजित की गई। संतोष मिश्रा ने बताया कि हरिपदी गंगा पर हर रोज गंगा आरती होती है। मार्गशीर्ष माह की मोक्षदा एकादशी के विशेष महत्व को देखते हुए महाआरती आयोजित की है। आरती के दौरान संजू तिवारी, अमन बडगैंया, विनय उपाध्याय, संतोष बड़गैंया, भारत निर्भय, लालू पचौरी, सोनू बैंदेल, तनू कोठेवार आदि मौजूद थे।

# छात्र छात्राओं को सिखाएं अग्नि सुरक्षा के गुर,आग से बचाव का प्रशिक्षण देकर कराई मॉक ड्रिल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा में अग्निशमन अधिकारी द्वारा आपातकालीन स्थिति में छात्र छात्राओं को सिखाएं अग्नि सुरक्षा के गुर,आग से बचाव का प्रशिक्षण देकर कराई मॉक ड्रिल, एटा एसएसपी के निर्देशन में आज सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पर फायर ऑडिट अग्नि सुरक्षा, इवेक्वेशन की गई पूजा व आग से बचाव का प्रशिक्षण एवं कराई मॉक ड्रिल, अग्निशमन बिभाग ने सरस्वती



विद्या मंदिर विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में अग्निकांड से बचने के लिए छात्र,छात्राओं को सिखाये तमाम गुर मंत्र, आपको बता दें आज प्रभारी अग्निशमन अधिकारी केतन कुमार द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय पहुंचकर छात्र छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में अग्निकांड से बचने के लिए तमाम गुर सिखाए, उन्होंने यह भी बताया खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग जाने पर कतई घबराए नहीं हिम्मत और साहस से काम करें. केतन कुमार ने अपनी टीम के साथ मिलकर फाइट ऑडिट करते हुए अग्नि सुरक्षा एवं आंख के बचाव का प्रशिक्षण एवं मॉडल भी कराई।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विभिन्न सौगात लेकर लांजित पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



ओड़गी/सूरजपुर -एक दिवसीय दौरे पर ओड़गी ब्लॉक के ग्राम पंचायत लांजित पहुंचे विधायक पारसनाथ राजवाड़े क्षेत्र वासियों को निर्माण कार्य जलजीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण का भूमि पूजन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्च तकनीकी ब्लड जाँच मशीन , शा. उ. मा. लांजित के बच्चीयों को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण किये , अपने उद्धबोधन में श्री राजवाड़े ने कहा मेरी प्राथमिक विधासभा क्षेत्र की सम्पूर्ण विकास तथा प्राथमिक शाला केनापारा लांजित में भवन की कमी की जानकारी पर तत्काल 2 अत्तिरिक्त कक्ष निर्माण का घोषणा किये एंव लांजीत बाजार परिसर के समतलीकरण हेतु प्राकलन तैयार करने हेतु मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी को आदेशित किये ।सभा सम्बोन्धित जनपद अध्यक्ष ओड़गी मनिहारिलाल पैकरा,उपाध्यक्ष शिवबालक राम यादव, पूर्व पी सीसी सदस्य अवधेश गुर्जर,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओड़गी अध्यक्ष गौतम कुशवाहा,विधानसभा संयोजक राजीव युवा मितान क्लब भटगांव लवकेश गुर्जर, उपसरपंच लांजित राजेन्द्र गुर्जर, महामंत्री दोय चन्द्रभान राजवाड़े, राजेन्द्र यादव,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हिमेन्द्र गुर्जर ने किया मंच संचालन राकेश गुर्जर स्वागत उद्धबोधन जनपद सी ई ओ ओड़गी आभार प्रदर्शन सरपंच प्रतिनिधि धर्मजीत सिंह के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण चेरवा,जनपद सदस्य रामभरोस श्याम,उपस्थित सरपंच लांजित राजपति सिंह ,चिकनी देवशरण सिंह, मयुर्धककी संतोष सिंह,कुप्पा रामलखन सिंह,कुदरगढ़ सरपंच,धर्मप्रसाद राजवाड़े,राकेश पाण्डेय, रामअनेश गुर्जर,गंगा राम,सुरेश दिनेश, संदेश, नेहरु संजय, गुप्तनारायन, ताराचंद,व हजारों की संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ ओड़गी ब्लॉक के समस्त अधिकारी क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे ।।

# कॉलेज एवं आईटीआई में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -ओड़गी- क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ओड़गी मुख्यालय के दौरे पर निकले थे इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता अंशू पाण्डेय एवं पिंटू सिंह गुर्जर के द्वारा कॉलेज के समस्याओं को लेकर पूर्व में क्षेत्रीय विधायक को अवगत कराया गया था इसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक पारसनाथ राजवाड़े के द्वारा कॉलेज एवं आईटीआई में पहुंचकर छात्र छात्राओं के समस्या को सुने कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा क्षेत्रीय विधायक को बताया कि बोर खराब हो जाने के कारण पानी की बहुत समस्या है तो वही आईटीआई कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा बताया गया कि यहां भी बोर खराब हो जाने के कारण पानी की समस्या बहुत अधिक है एवं आईटीआई कॉलेज में प्रिंसिपल ना होने के कारण प्रैक्टिकल नहीं हो पा रहा है जिसको क्षेत्रीय विधायक सुनते हुए उच्च अधिकारी से बात कर जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिए तो वही आईटीआई एवं कॉलेज में दो नए बोर कराने का आश्वासन दिए इस मौके पर उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य अवधेश गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम कुशवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष मनिहारी लाल पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष शिव बालक राम यादव, कृषि मंडी के अध्यक्ष विनय गुप्ता, पटेल,राकेश पाण्डेय, विक्रांत पाण्डेय , एवं काफी संख्या में कांग्रेस कमेटी एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे

# एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात विभव सिंह गुर्जर का हुआ ओड़गी बस स्टैंड में आतिशी स्वागत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - ओड़गी - एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय एनएसयूआई सूरजपुर प्रभारी राहुल भारती एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी के अनुशंसा पर ओड़गी ब्लॉक के एनएसयूआई अध्यक्ष विभव सिंह गुर्जर को नियुक्त किया गया नियुक्ति के पश्चात युवा कांग्रेस नेता अविनाश अंशु पाण्डेय के नेतृत्व में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधायक कार्यालय से रैली निकालते हुए ओड़गी बस स्टैंड से लेकर अटल चौक तक आतिशबाजी की गई इस मौके पर विभव सिंह गुर्जर के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि मध्यम परिवार से होने के बावजूद मुझे एनएसयूआई का ब्लाक प्रमुख बनाया गया जिसका पूरा श्रेय एनएसयूआई के वरिष्ठ नेताओं को देता हूं एवं सभी को लेकर चलते हुए छात्र हित में एनएसयूआई के बैनर तले छात्रों का मुद्दा उठाते हुए उनके समस्याओं का समाधान करते हुए पार्टी को मजबूत करूंगा एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता अंशु पाण्डेय के द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को मजबूत करने की दिशा पर काम करना है श्री गुर्जर के द्वारा पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति पंकज तिवारी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, यूथ कांग्रेस के निर्वाचित जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, सचेन्द्र पाठक ,एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी, एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया इस मौके पर उपस्थित। सुधांशु सिंह गुर्जर, सियाराम सोनपाकर, शानू पाल, राजा नायक, अजय सोनहा, उपेंद्र, भूपेंद्र, विकास बघेल, आफताब खान, सक्षम, उमाकांत राजवाड़े, नागेंद्र, आशीष, रामबोध, रोहित, रामनरेश, धनी सिंह, रविन्द्र, नंदलाल, राजेन्द्र, सवाईलाल, शंकर, लखपति, राजेस्वर, आदित्य, देवसिंह, रामसरण, अजय बंछोर, मन्नु सिंह एवं अन्य एनएसयूआई व युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

# लापरवाह शिक्षक अपने ही स्कूल के बच्चों के सामने मदिरा का सेवन कर रोड पर सोते हुए पाए गए

रामचंद्र जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - प्राथमिक पाठशाला जूना धरतीपारा के सहायक शिक्षक बसंत राजवाड़े जनपद पंचायत भैयाथान के शिक्षक स्कूल के समय में ही मदिरा का सेवन कर रोड पर सोते हुए नजर आए ग्रामीणों ने इसकी सूचना इनके संबंधित अधिकारियों को दी इससे पहले भी इनके द्वारा इस तरह के कई बार कृत्य किया जा चुका है। कई कई ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी आज भी अंगद की तरह पांव जमाए बैठे हुए शिक्षक मर्यादा की सारी हदें पार कर चुके हैं। ग्रामीणों द्वारा विरोध के बावजूद आला अधिकारियों के सह पर चल रहा था शिक्षक की नियुक्ति दो से तीन बार शिक्षक को शराब के नशे में ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने पकड़ा था अब देखना होगा खबर प्रकाशित के बाद जिले के शिक्षा अधिकारी क्या मामले को संज्ञान में लेंगे या इसी तरह शिक्षा का लचर व्यवस्था चलता रहेगा। या जिला अधिकारियों को संतुष्ट कर के जिला में होगे पदस्थ या जिला अधिकारियों देगे चांदनी बिहारपुर का नेवता

# सूरजपुर जिले में हाथियों की समस्याओ से ग्रामीणों को कोई राहत नहीं

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - सूरजपुर-जिले के दूरस्थ अंचल क्षेत्र में हाथियों का आतंक बरकरार है बीती रात बिहारपुर क्षेत्र के रसौकी गांव में 8 हाथियों का दल पहुचकर 2 ग्रामिणों के आशियाने का उजाड डाला तो वही घर में रखें अनाज को खा कर चट कर गये....दरअसल सूरजपुर जिले में हाथियों की समस्याओ से ग्रामीणों को कोई राहत, निजात नही मिल रहा है, अलग अलग दल में बटे हाथियों ने ग्रामीणों के खेत बाडी घर पर कहर ढा रहे है तो वही कई ग्रामीणों को मौत के घाट उतार चुके है...जिससे परेशान ग्रामीण अपने जान माल की सुरक्षा की खातिर तार करंट का उपयोग कर रहे है जो हाथियों के लिए जानलेवा साबित हो रहे है.. जिससे कई हाथियों की जान भी जा चुकी है...बीती



रात बिहारपुर क्षेत्र के रसौकी गांव में 8 हाथियों का दल पहुचकर ग्रामीण सुमेशर रामसिंह के घर पर घावा बोल दिया परिजन जान बचाकर भागने में सफल रहे तो वही घर को तोडकर रखे धान पान अनाज को हाथियों ने आहार बनाकर ग्रामीण को बेघर कर दिया. सुबह होते हाथी समीप के जंगल में चले गये.गांव के जनप्रतिनिधियों ने बताया जब भी हाथी गांव में आकर आतंक मचाते है जिसकी सूचना देने पर संबंधित विभाग वहाँ पहुचना तो दूर फोन भी बंद कर देते है 2 महीने से ग्रामीण परेशान हलकान है विभाग किसी तरह की कोई मदद नही कर रहा। इस संबंध में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के डायरेक्टर रंगनाथ रामकृष्ण बाय द्वारा बताया गया कि जिन ग्रामीणों का घर व फसल को नष्ट किए हैं उन किसानों का पटवारियों द्वारा अवलोकन करवा कर उनको क्षतिपूर्ति दी जाएगी